जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

13 दिसंबर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया स्कूल में 16वें इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट 2024-25 का पुरस्कार वितरण किया गया

16वें इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट 2024-25 का पुरस्कार वितरण दिनांक 12 दिसंबर 2024 को ऐतिहासिक जामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के स्कूल प्रांगण में किया गया।

पवित्र कुरान की तिलावत के साथ शुरू हुए इस समारोह में कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक प्रो मजहर आसिफ, माननीय कुलपति जामिया मिल्लिया इस्लामिया, मुख्य अतिथि, भारतीय क्रिकेट टीम के प्रसिद्ध पूर्व क्रिकेटर पद्मश्री श्री वीरेंद्र सहवाग, विशिष्ट अतिथि, प्रो मोहम्मद महताब आलम रिजवी, कुलसचिव , जामिया मिल्लिया इस्लामिया सहित अन्य संकाय सदस्य, कर्मचारी और आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे जिनमें रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी श्री ओबैद कमाल भी शामिल थे। इस कार्यक्रम में संकायों के डीन जामिया स्कूलों के प्रिंसिपल शामिल हुए।

टूर्नामेंट में जामिया स्कूल (टीम ए और टीम बी) और दस अन्य स्कूलों की टीमों ने प्रतिभागिता की जिनमें रावल इंटरनेशनल स्कूल, गुड सेमेरिटन स्कूल, ब्लू बेल्स इंटरनेशनल स्कूल, जामिया हमदर्द पब्लिक स्कूल, कैम्ब्रिज स्कूल, टैगोर इंटरनेशनल स्कूल, तरुण निकेतन, एसएस निकेतन स्कूल, एंग्लो अरेबिक स्कूल और चिन्मय स्कूल शामिल थे।

फाइनल मैच एसएस निकेतन स्कूल फरीदाबाद और जामिया टीम ए के बीच खेला गया। एसएस निकेतन स्कूल ने मैच जीतकर 16वें इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट की प्रतिष्ठित ट्रॉफी अपने नाम की।

प्रो मोहम्मद महताब आलम रिजवी ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन में प्रिंसिपल डॉ. मोहम्मद अरशद खान के नेतृत्व में स्कूल के प्रयासों की सराहना की और खेल सुविधाओं को और बढ़ाने के लिए स्कूल को हर संभव समर्थन का आश्वासन दिया। माननीय कुलपति ने अपने संबोधन में छात्रों को खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेने और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। जामिया के पूर्व छात्र और महान क्रिकेटर श्री वीरेंद्र सहवाग ने जामिया के साथ अपने घनिष्ठ संबंधों को याद किया और जामिया के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी कहा कि जामिया हमेशा उनके दिल में है और जामिया में खेलों, खासकर क्रिकेट के विकास के लिए वह हमेशा उपलब्ध रहेंगे।

पुरस्कार वितरण समारोह की शुरुआत एसएस निकेतन स्कूल और जामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल को क्रमशः विजेता और उपविजेता ट्रॉफी वितरण के साथ हुई। कुलपति और कुलसचिव की मौजूदगी में श्री वीरेंद्र सहवाग द्वारा शिखर स्वयं सेवी संगठन (एनजीओ) द्वारा एक स्मार्ट बोर्ड जामिया स्कूल को भेंट किया गया। इस एनजीओ के मुख्य संरक्षक भी श्री वीरेंद्र सहवाग ही हैं।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया